समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# 25 रुपये से कम कीमत वाला यह पेनी स्टॉक देगा तगड़ा रिटर्न ? Infibeam Avenues मे दिखी जबरदस्त तेजी, 19 जून की बैठक पर सबकी नजर ।

Publisher

Published on 16 Jun 2025



## Infibeam Avenues का शेयर Rights Issue की खबर के बाद उछला, 700 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी मे कंपनी, निवेशक इंतजार मे ।

**मुंबई :** सोमवार को **Infibeam Avenues** के शेयर में जोरदार तेजी देखी गई। **राइट्स इश्यू से जुड़ी अहम बैठक की घोषणा** के बाद कंपनी के शेयर में करीब **5% की उछाल दर्ज** की गई और शेयर ने **22.95 रुपये प्रति शेयर** का स्तर छू लिया। यह शेयर पहले से ही **पेनी स्टॉक निवेशकों के रडार** पर रहा है, और अब 19 जून को होने वाली **Rights Issue Committee** की बैठक को लेकर बाजार में उत्सुकता बनी हुई है।

**19 जून को होगा राइट्स इश्यू पर बड़ा फैसला**

कंपनी ने एक **रेगुलेटरी फाइलिंग** में जानकारी दी है कि **19 जून 2025** को **राइट्स इश्यू कमेटी** की बैठक होगी, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा होगी:

१. **राइट्स इश्यू की प्राइस**
२. **रिकॉर्ड डेट का निर्धारण**
३. **हकदारी अनुपात (Entitlement Ratio)**
४. **और अन्य शर्तें**

यानी यह तय होगा कि मौजूदा शेयरधारकों को कितने नए शेयर किस कीमत पर मिल सकते हैं।

**पहले हो चुके है कंई अहम फैसले**

१. **9 जून 2025: कंपनी ने Draft Letter of Offer को BSE और NSE मे मंजूरी के लिए भेजा**

२. **9 मई 2025: बोर्ड ने 1 रुपये फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयरों के जरिए 700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी**

३. **कंपनी की योजना इस रकम को विस्तार और तकनीकी विकास मे लगाने की है।**

**शेयर का प्रदर्शन : उतार-चढ़ाव के बाद उम्मीदे बंरकरार**

| **अवधि** | **प्रदर्शन** |
|---|---|
| 1 महीना | +20% |
| 3 महीने | +26% |
| YTD (2025) | -13% |
| 1 साल | -27% |
| 2 साल | +55% |
| 5 साल | +85% |

शेयर की **लॉन्ग टर्म परफॉर्मेंस** बेहतर रही है, और यदि **राइट्स इश्यू की शर्तें निवेशकों** को पसंद आती हैं तो इसमें आगे और तेजी देखी जा सकती है।

**निवेशकों की निगाहे रांइट्स इश्यू पर**

सोमवार को दोपहर **3:05 बजे तक शेयर 3.53% की तेजी** के **साथ 22.60 रुपये** पर ट्रेड कर रहा था।

अब सबकी निगाहें **19 जून की बैठक** पर टिकी हैं।

यदि प्रस्तावित राइट्स इश्यू की कीमत और हकदारी का अनुपात निवेशकों के लिए लाभदायक रहता है, तो यह स्टॉक आगे **25 से 30 रुपये** तक के स्तर छू सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.